





# करा‍हल में जेण्डर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 4 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कन्या शाला कराहल में जेण्डर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह पहल बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में

## शिक्षा ही प्रगति एवं उन्नति का मार्ग : डीएम




महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही प्रगति एवं उन्नति का ऐसा मार्ग है, जिसके माध्यम से हम सामाजिक कुरितियों को दूर करते हुए आगे बढ सकते है। आदिवासी विकासखण्ड कराहल में बालिका शिक्षा के लिए प्रोत्साहन बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा विभाग से जुडे अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए विशेष प्रयास एवं नवाचार किये जायें।

शासकीय माध्यमिक कन्या शाला कराहल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख, डीपीसी भूपेंद्र शर्मा, रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के प्रतिनिधि बबलू यादव, विवेक परिहार एवं सुश्री कंचन जोशी, बीईओ प्रदीप श्रीवास्तव, बीआरसी लक्ष्मीकांत भारद्वाज, बीएसी हरिमोहन जाटव, बालिका शिक्षा कार्यक्रम प्रभारी रामप्रताप जादौन, एमआरसी सुनीलदत्त मिश्रा आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट द्वारा संचालित जेण्डर रिसोर्स सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट द्वारा कराहल विकासखंड में जीवन कौशल शिक्षा पर परियोजना शक्ति कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत कराहल ब्लॉक की 74 माध्यमिक शालाओं में सहरिया जनजाति की आदिवासी बालिकाओं के साथ जीवन कौशल शिक्षा पर कार्य किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता, नेतृत्व कौशल एवं लैंगिक समानता की समझ विकसित करना है। इसी क्रम में रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट द्वारा विकासखंड कराहल में कुल 11 जेंडर रिसोर्स सेंटर की स्थापना की गई है। ये केंद्र बालिकाओं के लिए सुरक्षित एवं सहयोगात्मक स्थान के रूप में कार्य करेंगे, जहाँ उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, अधिकार, कैरियर एवं सामाजिक मुद्दों से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 4 फरवरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान गत 12 जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जायेगा।

## आज 12 स्थानों पर लगेंगे पंचायत स्तरीय शिविर

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में श्योपुर जिले की सभी 236 ग्राम पंचायतों में अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जारी है। इसके अलावा 19 कलस्टर स्तर के शिविर भी आयोजित किये जायेंगे, इसके उपरांत तीनों विकासखण्ड मुख्यालयों पर विकासखण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन होगा।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार लाभ प्रदान करने हेतु डोर टू डोर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे तथा शिविर भी लगाये जायेंगे। पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जायेगा। इसके बाद कलस्टर स्तर पर आयोजित शिविरों में निराकरण से शेष आवेदनों तथा नवीन आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी।

कलस्टर लेबिल पर निराकरण से शेष आवेदन विकासखण्ड स्तर पर आयोजित शिविर में निराकरण के लिए रखे जायेंगे, इसके साथ ही नवीन आवेदन भी प्राप्त किये जायेंगे, जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ का वितरण किया जायेगा।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन जारी है, इसी क्रम में 05 फरवरी को श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोहेडा, दुबडी, राधापुरा, नारायणपुरा, ढोटी, बर्धाबुजुर्ग एवं नगदी में शिविर आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार 05 फरवरी को विजयपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कींजरी एवं सुखवास में शिविर का आयोजन होगा। कराहल विकासखण्ड अंतर्गत 05 फरवरी को ग्राम पंचायत मदनपुर, मेहरवानी एवं सुबकरा में शिविर लगाये जायेगे। यह शिविर प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित होगे, शिविरों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है तथा ग्राम स्तरीय दल में पटवारी, पंचायत सचिव, जीआरएस, आरएईओ, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि मैदानी अमले को शामिल किया गया है।

## ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाया, एक की मृत्यु

**श्योपुर, 04 फरवरी।** थाना बडौदा एक्सीडेन्ट मे मृत्यु – फरि, जदगीश पुत्र राम केवट उम 48 साल नि. रुण्डी ने रिपोर्ट की कि दि. 02.02.26 के 20.00 बजे स्थान रायडी हनुमान जी के मंदिर के पास ग्राम बासौद आरोपी सोनालीका टैक्टर चालक लोकेश केवट ने टैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर टैक्टर को पलट दिया जिससे टैक्टर मे बैठे धीरज पुत्र जदगीश केवट उम्र 18 साल नि. सदर की मौके पर मृत्यु हो गई एवं जोधराज केवट को चोटे आई। दि. 03.02.26 के 00.49 बजे अप. क्र. 24/26 धारा 281,125 (ए),106(1) बीएनएस (मर्ग क्र.05/26 धारा 194 बीएनएस) कायम कर लिया हैं।

# उत्कृष्ट विद्यालय कराहल का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 4 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा

## दो को कारण बताओ नोटिस, आधार अपडेशन के कार्य में तेजी लाएं : डीएम

आज शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी विद्यालय कराहल का निरीक्षण किया गया तथा अनुपस्थित एक अतिथि शिक्षक सहित एक अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही उन्होंने आधार अपडेशन के लिए विद्यालय में लगाये गये कैम्प का जायजा भी लिया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश प्राचार्य को दिये।

इस अवसर पर तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख, प्राचार्य प्रदीप श्रीवास्तव, डीपीसी भूपेंद्र शर्मा, बीआरसी लक्ष्मीकांत भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा स्मार्ट क्लास एवं आईटी लैब का अवलोकन किया गया तथा बगैर सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित कम्प्युटर अतिथि शिक्षक युवराज सिंह तथा एक अन्य अतिथि शिक्षक आशीष यादव को तकनीकी दक्षता में निपुर्ण नही होने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्राचार्य को दिये गये। इस अवसर पर आधार अपडेशन कैम्प के माध्यम से विद्यालय के बच्चों के आधार अपडेट कराने तथा अन्य विसंगतियों को दूर कराये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि विद्यालय में दर्ज बच्चों के आधार में यदि किसी प्रकार की विसंगति है तथा वे आधार को अपडेट कराना चाहते है तो कैम्प के माध्यम से आधार अपडेशन की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।





# सीईओ जिला पंचायत ने किया एनआरएलएम की गतिविधियों का अवलोकन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 4 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित परिसंघों द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का भ्रमण कर अवलोकन किया गया।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा ग्राम ककरधा में आटा प्लांट का अवलोकन कर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को प्लांट में शीघ्र बिजली कनेक्शन का कार्य पूर्ण करवाकर हॉस्टलों में आटा सप्लाई का कार्य प्रारंभ कराये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही स्कूल और आंगनवाड़ी का भी निरीक्षण कर मध्यान भोजन कि गुणवत्ता का अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था और सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया तथा विद्यार्थियों से संवाद भी किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा कराहल में संचालित एनटीएफपी कंपनी, सीएमटीसी, आजीविका भवन, आंगनवाडी केन्द्र कराहल, गैर कृषि अन्तर्गत समूहों कि महिलाओं द्वारा संचालित उद्यम किराना दुकान, नाश्ते की दुकान, कपड़ों की दुकान का भी अवलोकन किया गया। सीएमटीसी कराहल में संचालित पीजी ग्रुप के प्रशिक्षण में महिलाओं से सीएमटीसी से मिलने वाली व्यवस्था कि जानकारी प्राप्त की तथा भोजन, आवास आदि व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया, आजीविका भवन कराहल में शीघ्र ही दीदी कैफे संचालित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान डीपीएम एनआरएलएम सोहन कृष्ण मुद्गल, सीईओ जनपद पंचायत कराहल राकेश शर्मा, जिला प्रबंधक गिर्राज मीणा, रामराज मीणा, गोपाल शर्मा, श्रीमति सोनिया परिहार आदि उपस्थित रहें।

## एक नजर में

### जल अर्पण दिवस पर आवनी एवं नागरगावडा में होंगे कार्यक्रम

**श्योपुर, 4 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल प्रमाणित ग्राम पंचायतों अंतर्गत ग्राम आवनी एवं नागरगावडा में जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यपालन यंत्री पीएचई एलपी सिंह ने बताया कि श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम आवनी में 9 फरवरी को तथा नागरगावडा में 10 फरवरी को जल अर्पण दिवस कार्यक्रम आयोजित होगे। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सहित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, स्वसहायता समूह एवं ग्रामीण समुदाय की सहभागिता रहेगी।

### खिरक की जगह को लेकर मारपीट

**श्योपुर।** थाना कराहल मारपीट फरि. महावीर पुत्र लड्डू गुर्जर उम्र 70 साल नि. रानीपुरा मांफी ने रिपोर्ट की कि दि. 03.02.26 के 10.00 से 10.20 बजे स्थान फरि. की खिरक ग्राम रानीपुरा आरोपीगण, लवकुश गुर्जर, दुल्ला गुर्जर, हंसराज गुर्जर, रामवीर गुर्जर नि.गण सदर ने फरि को खिरक की जगह के ऊपर विवाद होने से गन्दी गन्दी गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दि. 03.02.26 के 14.27 बजे अप. क्र. 05/26 धारा 296(ए),115(2),351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### गड्ढा खुदवाने की बात को लेकर मारपीट की

**श्योपुर।** थाना कराहल मारपीट फरिया दौलाबाई पत्नी विजय बंजारा उम्र 23 साल नि. बडातालाब के पास कराहल ने रिपोर्ट की कि दि. 03.02.26 के 14.00 से 14.15 बजे स्थान बडातालाब के पास कराहल आरोपीगण, जगदीस बंजारा, कौसाबाई नि.गण सदर ने फरि को बाथरुम के लिये गड्ढा खुदवाने की बात को लेकर मां बहिन की गन्दी गन्दी गालियां देकर पत्थर से मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 03.02.26 के 16.26 बजे अप. क्र. 06/26 धारा 296 (ए),115 (2),351 (2),3 (5) बीएनएस कामय कर लिया हैं।



### 10 हजार का इनामी बल्लो गुर्जर गिरफ्तार

**विजयपुर।** जिले में लगातार हो रही पशु चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में विजयपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। भैंस चोरी के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश बल्लो गुर्जर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में सक्रिय पशु चोर गिरोह पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में थाना प्रभारी विजयपुर निरीक्षक राजन सिंह गुर्जर ने अपनी टीम के साथ यह महत्वपूर्ण कार्रवाई की।





# ओछापुरा में निर्माणाधीन पीएचसी एवं रघुनाथपुर में विद्यालय का अवलोकन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 4 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा आज विजयपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम ओछापुरा में निर्माणाधीन पीएचसी भवन का अवलोकन किया गया तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार रघुनाथपुर में हायर सैकेण्डरी विद्यालय का अवलोकन भी किया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा ग्राम ओछापुरा में बन रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जायें। उल्लेखनीय है कि ग्राम ओछापुरा में 2 करोड 20 लाख रूपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवीन भवन का निर्माण हो रहा है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा हायर सैकेण्डरी विद्यालय रघुनाथपुर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान प्राचार्य एमके माहौर ने बताया कि विद्यालय में 654 बच्चे दर्ज है, 10वी एवं 12वी के बच्चों का सिलेबस पूर्ण हो चुका है। विद्यालय में कक्षा 9 से 12वी तक की कक्षाएं संचालित है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा विद्यालय में स्थापित आईटी लैब का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों को प्रदाय की जा रही कम्प्युटर दक्षता के संबंध में जानकारी ली गई।

## परीक्षा से डरें नहीं, तनाव मुक्त रहें : डीएम

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने 10 फरवरी से शुरू हो रही कक्षा 12 एवं 13 फरवरी से शुरू हो रही कक्षा दसवीं की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए छात्र-छात्राओं से बिना तनाव के परीक्षा में शामिल होने की अपील की है। उन्होने कहा है कि परीक्षा को लेकर तनाव में न आये तथा अपने रूटीन अनुसार पढाई करते हुए आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। उन्होने कहा कि बच्चे अक्सर परीक्षा के तनाव में आकर अपनी क्षमता अनुसार अपना प्रदर्शन नही कर पाते है तथा उत्तर याद होने के बाद भी घबराहट में सही तरीके से नही लिख पाते है, इसलिए कूल मांइड होकर परीक्षा में शामिल हों, परीक्षा से डरें नहीं, अपनी तैयारी पूर्ण रखें और पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बैठें। ऐसा करने से सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# एसपी ने सराहा एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना का कार्यकाल

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 4 फरवरी।** जिले के

## विदाई देकर नए दायित्व की दी शुभकामनाएं

बड़ौदा अनुभाग में अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता और गंभीर अपराधों के खुलासे में साहस के लिए एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना का हृदयस्पर्शी विदाई समारोह एसपी कार्यालय में आयोजित किया गया।

अब एसडीओपी बड़ौदा चार्ज डीएसपी हेडक्वार्टर को दिया है। यह विदाई न केवल उनके कार्यकाल की सफलताओं का याद, बल्कि पुलिस परिवार की एकजुटता और भावनात्मक जुड़ाव का भी जीवंत प्रमाण साबित हुआ।

प्रवीण अष्ठाना का स्थानांतरण अब खुरई (सागर जिला) के एसडीओपी पद पर हो चुका है, जबकि उनके स्थान पर नए एसडीओपी अवनीत शर्मा की नियुक्ति की गई है।

समारोह में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्रवीण अष्ठाना के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शाल श्रीफल देते हुए फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। एसपी अग्रवाल ने कहा कि प्रवीण अष्ठाना ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, जनता की सुरक्षा और पुलिस की विश्वसनीयता बढ़ाने में जो योगदान दिया।

उनका नया दायित्व उन्हें और बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार करेगा। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, डीएसपी मुख्यालय पीएन गोयल, निज सहायक एसपी महेश कुमार गौड़, रीडर रविन्द्र पाठक सहित पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और सहयोगी मौजूद रहे।

## ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**श्योपुर, 4 फरवरी।** कियोस्क संचालक से धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी बादशाह उर्फ नितेश उर्फ विकास मीणा निवासी किलगावंडी एवं आरोपी पवन मीणा निवासी जैनी को आज गिरफ्तार कर माननीय न्यालयाल पेश किया गया है। आरोपियों के दो अन्य साथी अंकुश मीणा निवासी मातसूला एवं सुनील सेन निवासी श्योपुर को पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया गया था।

## मोटर डालने की बात को लेकर मारपीट

**श्योपुर।** थाना कोतवाली मारपीट फरि. ब्रजेश पुत्र गौरीशंकर गुर्जर उम्र 30 साल नि. डाबरसा थाना देहात ने रिपोर्ट की कि स्थान फरि, के घर के बाहर ग्राम डाबरसा आरोपीगण, सुवान गुर्जर, चौकीराम गुर्जर, शंकर गुर्जर नि.गण सदर ने फरि. की पत्नी रुपीबाई को बोर मे मोटर डालने की बात को लेकर मां बहिन की गन्दी-गन्दी गालियां देकर मारपीट कर चोट पहुंचाई एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 03.02.26 के 13.59 बजे अप, क्र. बजे अप. क्र. 26/26 धारा 115(2), 296 (ए), 351 (2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।